भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न सं. 221

(19 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)

मनरेगा के अंतर्गत रोजगार की गारंटी

221. **श्री एस. सेल्वागनबेथी**:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना के अंतर्गत देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम 100 कार्यदिवसों के गारंटीकृत मजदूरी रोजगार की पेशकश की जाती है;

(ख) यदि हां, तो पिछले वर्ष के दौरान प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में कितने-कितने कार्यदिवसों के रोज़गार की पेशकश की गयी;

(ग) क्या किए गए कार्यदिवसों की संख्या योजना के अनुरूप है, यदि नहीं, तो कार्य की निगरानी के लिए क्या कार्रवाई की गई है; और

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान पुडुचेरी संघ राज्यक्षेत्र में मनरेगा के अंतर्गत क्षेत्र में जल पुनर्भरण सुनिश्चित करने के लिए कितने तालाब बनाए गए हैं?

उत्तर

ग्रामीण विकास मंत्री

(श्री शिवराज सिंह चौहान)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

-

<u>राज्य सभा में दिनांक 19.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. 221 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण</u>

(क) एवं (ख): यह सूचित किया जाता है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के अंतर्गत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ऐसे ग्रामीण परिवार को, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक हों, को अधिकतम सौ दिनों के सुनिश्चित मजदूरी रोजगार की गारंटी प्रदान की जाती है। किसी बेहतर रोजगार अवसर अनुपलब्धता की स्थिति में यह योजना एक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में कार्य करती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, कार्य की मांग करने वाले 99.83 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को रोजगार का पेशकश किया गया।

महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान रोजगार की मांग करने वाले परिवारों, रोजगार उपलब्ध कराए गए परिवारों तथा सृजित श्रमदिवसों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग): मंत्रालय विभिन्न मंचों, जैसे-मध्यावधि समीक्षा, श्रम बजट बैठकों, श्रम बजट संशोधन बैठकों तथा कार्यक्रम समीक्षा बैठकों के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में महात्मा गांधी नरेगा योजना के कार्यान्वयन के निष्पादन की नियमित रूप से समीक्षा करता है। केंद्रीय रोजगार गारंटी परिषद तथा राज्य रोजगार गारंटी परिषदें भी समय-समय पर कार्यक्रम के कार्यान्वयन की निगरानी करती हैं। राज्यों में विभिन्न स्तरों पर राज्य तकनीकी प्रकोष्ठ गठित किए गए हैं, जो कार्यों की प्रगति की नियमित रूप से निगरानी करते हैं।

(घ): महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत पुदुचेरी संघ राज्य क्षेत्र में जल संचयन तालाबों, मत्स्य पालन तालाबों तथा तालाबों के पूर्ण किए गए नवीनीकरण से संबंधित विवरण एवं तालाबों पर किए गए कुल व्यय का विवरण निम्नानुसार है:

पूर्ण किए गए कार्यों की संख्या			कुल व्यय (लाख रुपए में)		
2024-25	2023-24	2022-23	2024-25	2023-24	2022-23
495	520	501	2,671.44	3,908.00	1,444.32

राज्य सभा में दिनांक 19.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. 221 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत रोजगार की मांग करने वाले परिवारों, रोजगार पेशकश किए गए परिवारों तथा सृजित श्रमदिवसों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण (आंकड़े लाख में)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	काम मांगने वाले घरों की संख्या	काम पेशकश किए गए परिवारों की संख्या	सृजित श्रम दिवस
1	आंध्र प्रदेश	51.22	51.19	2422.82
2	अरुणाचल प्रदेश	3.11	3.11	204.35
3	असम	20.46	20.44	710.70
4	बिहार	58.75	58.67	2498.52
5	छत्तीसगढ	28.45	28.44	1323.54
6	गोवा	0.03	0.03	0.76
7	गुजरात	10.30	10.27	431.27
8	हरियाणा	3.93	3.93	117.92
9	हिमाचल प्रदेश	7.54	7.54	395.31
10	जम्मू और कश्मीर	7.70	7.68	409.34
11	झारखंड	23.78	23.76	1009.40
12	कर्नाटक	31.95	31.50	1311.64
13	केरल	14.19	14.19	907.54
14	लद्दाख	0.34	0.34	22.19
15	मध्य प्रदेश	44.80	44.62	1896.93
16	महाराष्ट्र	33.16	33.07	1621.22
17	मणिपुर	5.40	5.40	244.62
18	मेघालय	4.79	4.79	320.99
19	मिजोरम	2.11	2.10	197.75
20	नागालैंड	2.57	2.55	93.81
21	ओडिशा	26.42	26.39	1192.99
22	पंजाब	9.61	9.60	314.01
23	राजस्थान	62.74	62.72	3166.13
24	सिक्किम	0.63	0.63	33.85
25	तमिलनाडु	67.68	67.68	3061.10
26	तेलंगाना	28.80	28.79	1222.87
27	त्रिपुरा	6.05	6.05	353.37
28	उत्तर प्रदेश	70.92	70.91	3364.12
29	उत्तराखंड	4.63	4.62	189.99
30	पश्चिम बंगाल	0.00	0.00	0.00
31	अंडमान और निकोबार	0.04	0.04	0.88

32	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	0.05	0.05	2.99
33	लक्षद्वीप	0.00	0.00	0.00
34	पुदुचेरी	0.52	0.52	10.78
	कुल	632.66	631.62	29053.68

(नरेगा सॉफ्ट के अनुसार)

नोट: यद्यपि माँगे गए कार्य और प्रदत्त कार्य में काफ़ी हद तक समानता है, तथापि माँगे गए कार्य के सापेक्ष वास्तव में प्राप्त किए गए कार्य में अंतर श्रमिकों द्वारा प्रदत्त कार्य का पूर्ण उपयोग न किए जाने के कारण है। इसका कारण अन्यत्र बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध होना, बीमारी अथवा कोई अन्य प्रासंगिक कारण हो सकता है।